लघु एवं कुटीर उद्योग

365. श्री रामेश्वर सिंह : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के अधीन लघु एवं कुटीर उद्योगों की श्रेणी में आने वाले उद्योगों के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या इन उद्योगों के पंजीकरण तथा इन्हें लाइसेंस देने पर कोई रोक लगाई गई है ;

(ग) क्या पैराफिन मोम और सीमेंट पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों पर भी कोई प्रतिबन्ध लगा हुआ है यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) यदि उक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" हो, तो इस प्रतिबन्ध को कब समाप्त किये जाने की संभावना है और इस प्रकार का प्रतिबन्ध लगाने से सरकार को क्या लाभ हुआ है ?

उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी) : (क) वे उद्योग जो 1951 के औद्योगिक विकास तथा विनियमन अधिनियम की प्रथम अनुसूची में सम्मिलित है और जिनमें मशीनों एवं उपकरणों पर 20 लाख रुपये से अधिक पूंजी निवेश नहीं किया गया है, लघु उद्योग क्षेत्र की श्रेणी के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। यदि इन उद्योगों के एकक किसी प्रधान एकक के सहायक एकक होते हैं तो उनमें संयंत्र और मशीनों में निवेश 25 लाख रुपये तक का निवेश किया जा सकता है।

(ख) कुछ वस्तुओं के बारे में राज्य सरकारों को निदेश दिये गये हैं कि लघु उद्योग क्षेत्र में नई क्षमता की स्थापना और विद्यमान क्षमता के विस्तार को निरुत्साहित किया जाए।

(ग) तथा (घ) कच्चे माल के रूप में सीमेंट का इस्तेमाल करके तैयार की जाने वाली वस्तुओं के निर्माण करने के लिये नई क्षमता स्थापित करने और विद्यमान क्षमता का विस्तार करने पर केन्द्र सरकार द्वारा किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई है। किन्तु, देशी पैराफीन मोम का इस्तेमाल करने वाले लघु एककों के पंजीकरण को अब भी निरुत्साहित किया जाता है।

Sickness in Industries

366. SHRI KALYAN ROY:

SHRI LADLI MOHAN NIGAM:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the article "Sickness in Industries" in the 'Economic Times' of 2nd August, 1982 pointing out to the alarming increase in industrial sickness;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether there has been a further rise in industrial sickness in 1981 and 1982 in comparison to 1979 and 1980 and if so, the details thereof;

(d) whether it is a fact that nearly 10 per cent of the industrial units in the country are stated to be sick and if not, what is the percentage;

(e) which are the industries and units where sickness is highest—State-wise, industry-wise and year-wise during 1978, 1979, 1980, 1981 and 1982; and

(f) what are the steps taken by Government and the results thereof?